प्रदेश में जुलाई में आयोजित होगा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

मुख्यमंत्री भजनलाल ने विभागवार भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा कर शीघ्र नियुक्ति के निर्देश दिये

जयपुर, 19 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना के तहत भर्तियां आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि कैलेण्डर के अनुसार भर्ती परीक्षा आयोजित कर युवाओं को समयबद्ध रूप से नियुक्तियां दी जा रही हैं।

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के सभी विभागों में भर्ती परीक्षा कैलेण्डर के अनुसार, आयोजित कर युवाओं को समयबद्ध रूप से रोज़गार उत्सव के तहत नियुक्तियाँ दी जा रही हैं।**

शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव (जुलाई-2025) की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को आगामी जुलाई माह में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के आयोजन की तैयारियों के लिए निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार लंबित भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए, विभागीय अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान करने से पूर्व शेष प्रक्रिया को त्वरित गति से पूर्ण करने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में युवाओं के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव से जोड़ने के भी निर्देश दिए, जिससे पात्र युवाओं को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत प्रदेश के 67 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता एवं त्वरित गति से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव (जुलाई-2025) की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

राहुल गांधी अपने जन्म दिन की पूर्व संध्या को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रोज़गार मेला में भी शामिल हुए, जहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा, जिनके शासन में बेहिसाब बेरोज़गारी बढ़ी है इसके साथ ही फिल्म फुले की एक विशेष स्क्रीनिंग भी हुई, जिसमें भी सचिन पायलट मौजूद थे, जबकि कई वरिष्ठ नेता या तो जानबूझकर या किसी रणनीति के तहत अनुपस्थित रहे।

राहुल गांधी आज सुबह अपनी माँ सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दिलाकर घर लेकर आए। इसके अलावा, उन्होंने अपने नए सुनहरी बाग स्थित आवास में गृह प्रवेश भी किया, जहाँ अब वे रहेंगे-जबकि अब तक वे 10 जनपथ में रहते थे।

राहुल गांधी ने एआईसीसी में केक काटने ढोल बजाने आदि के लिए मना कर दिया था, क्योंकि वे अपना जन्मदिन सादगी से मनाना चाहते थे। रोचक बात यह रही कि उनकी बहन प्रियंका गांधी ने हर साल की तरह इस बार राहुल को ट्वीट कर जन्मदिन की शुभकामनाएँ नहीं दीं।

इससे एआईसीसी में चर्चा और आशंका का माहौल है, क्योंकि कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार प्रियंका गांधी अपने भाई से नाराज़ हैं, और उन नेताओं से भी असंतुष्ट हैं जो फिलहाल राहुल के आस-पास मौजूद है

- **राहुल गांधी विदेश यात्रा से लौटते ही अपनी माँ सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दिलाकर घर ले आये। राहुल गांधी ने अपने नये निवास, सुनहरी बाग पर स्थित बंगले में भी जन्म दिन, गृह प्रवेश की विधिवत् पूजा कर शिफ्ट किया।**

राहुल गांधी ने सभी को धन्यवाद देते हुए एक ट्वीट जरूर किया।

करोना के एक्टिव केस 6,000 से नीचे पहुँचे

नयी दिल्ली, 19 जून। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान करोना संक्रमित 1219 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ ही, गुरुवार को इस वायरस से निजात पाने वालों की संख्या 17164 तक पहुंच गयी और कुल सक्रिय मामलों की संख्या 5976 रह गयी है। इस अवधि में तीन और मरीजों की मौत से मृतकों की संख्या बढ़ कर 116 पहुंच गयी।

ट्रंप बार-बार भारत-पाक युद्ध बंद करवाने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विशेषकर राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा-पार आतंकवाद के मामलों में, को बार-बार दोहराया है। ट्रंप का यह कहना कि उन्होंने युद्ध रोका, न सिर्फ भारत के दावे को नकारता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि भारत के पास बिना अमेरिकी हस्तक्षेप के बिना तनाव टालने की क्षमता नहीं है।

दूसरे, ट्रंप की यह टिप्पणी भारत की उस दीर्घकालिक नीति को फिर से चर्चा में ला देती है कि वह कश्मीर या भारत-पाक मामलों में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता का विरोध करता रहा है। भारत ने बार-बार 1972 के शिमला समझौते का हवाला देते हुए बाहरी हस्तक्षेप को खारिज किया है। ट्रंप का यह दावा, चाहे घरेलू राजनीति के लिए ही क्यों न किया गया हो, भारत की कमज़ोर नस को छूता है और एक स्थापित कूटनीतिक सिद्धांत को विकृत करता है

तीसरा, इसमें घरेलू राजनीति का भी आयाम है। मोदी की राष्ट्रीय सुरक्षा पर दृढ़ स्थिति उनकी राजनीतिक छवि का एक मुख्य स्तंभ है। यदि यह धारणा बनती है कि भारत दबाव में पीछे हटा या अमेरिका को हस्तक्षेप करना पड़ा, तो इससे सरकार की निर्णायक और स्वतंत्र नेतृत्व की छवि को नुकसान पहुँच सकता है।

- **मोदी विनम्रता से ट्रंप के टेलीफोन कॉल्स को स्वीकार करके, कूटनीतिक सद्व्यवहार से बात तो जरूर करते हैं, पर, मोदी किसी भी कीमत पर भारत की सार्वभौमिकता को दिए जाने वाले आघात को स्वीकार नहीं करेंगे।**
- **दोनों देश, भारत व अमेरिका, अपने-अपने विवरण को सच के रूप में स्थापित करना चाहते हैं और जिसकी कहानी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार होती है। वह ही सबसे ज्यादा अहमियत रखता है, क्या वाकई में तथ्य है, नहीं।**

ट्रंप की टिप्पणियाँ अमेरिका की ग्लोबल साउथ में अपना प्रभाव खोने की चिंता भी दर्शाती हैं। भारत रूस, खाड़ी देशों और वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के साथ संबंध मजबूत कर रहा है। वॉशिंगटन अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए उत्कुक है। इसलिए ट्रंप का शांति स्थापना का दावा करना, उस प्रभाव को फिर से स्थापित करने का एक प्रयास है, भले ही यह दावा जमीन पर तथ्यों से यह मेल न खाता हो।

इस प्रकार, ट्रंप का, भारत की रणनीतिक पसंद को स्वीकार किए बिना, यह कहना कि उन्होंने "एक युद्ध रोका, केवल एक शब्दजाल नहीं है, यह गहरी विसंगति को उजागर करता है कि दोनों देश कूटनीति, श्रेय और संप्रभुता को एकदम अगल तरह से देखते हैं। हालाँकि मोदी ट्रंप की कॉल्स को शिष्टता से स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन नई दिल्ली उन नैरेटिव्स को लेकर सतर्क है, जो उसकी भूमिका को कमज़ोर दिखाते हैं। तनाव केवल तथ्यों पर नहीं है, बल्कि इस बात पर है कि किसकी कहानी सही है और भू-राजनीति में, यह बात नतीजे जितनी ही महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600